# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 28 फरवरी 2023

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

Total Short Notice Question- 8

----

### नीति लागू कबतक

*1 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के होते हुए भी मरीजों को अन्यत्र रेफर किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि अकारण मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर करने की परिपाटी पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेफरल पॉलिसी लागू की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि मरीज को रेफर करते समय चिकित्सक किसी मानक का पालन नहीं करते हैं;

(घ) क्या यह सही है कि बिना रेफरल कार्ड के मरीजों को बड़े अस्पतालों में नहीं भेजा जा सकेगा;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस नीति को यथाशीघ्र लागू करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भवन की मरम्मती

***2 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पुरनहिया प्रखंड के वसंत जगजीवन, अदौरी परसौनरी गोप स्वास्थ्य उपकेन्द्र जिसका भवन जर्जर अवस्था में है, के कारण मरीजों को इलाज में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र के भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

***3 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के अन्तर्गत मटिहानी प्रखंड के सफापुर पंचायत मुख्यालय में सभी शर्तों की पूति के बावजूद अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि लगातार चार वर्षों से माननीय मुख्यमंत्री को स्मार-पत्र समर्पित करने के बावजूद विभाग द्वारा स्वीकृति नहीं दी जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सफापुर पंचायत मुख्यालय में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करना चाहती है?

----

## अवगत कराने का विचार

***4 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में दवाओं की काला बाजारी एवं मनमानी कीमतों पर अंकुश लगाने हेतु मूल्य अनुश्रवण एवं संसाधन इकाई (PMRU) का गठन कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस PMRU कमिटी के संचालन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस PMRU

कमिटी का गठन, प्राप्त केन्द्रीय सहायता एवं कमिटी द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों एवं उपलब्धियों से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान

*5 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कोविड-19 से मृत्यु के उपरांत आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि देने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में कोविड-19 से हुए मृतकों के परिवार को अनुग्रह अनुदान राशि का वितरण नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में कोविड-19 के 76 आश्रितों के आवेदन का अवलोकन जिला पदाधिकारी से कराकर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, औरंगाबाद ने अपने पत्रांक- 3447, दिनांक- 30.11.2022 के माध्यम से कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को राशि भुगतान हेतु पत्राचार किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, औरंगाबाद के द्वारा दिनांक- 30.11.2022 की सूची के अनुसार कोविड-19 के मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान कबतक करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कैथ लैब की सुविधा

*6 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा बेगूसराय में एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है;

(ख) बेगूसराय में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की वर्तमान में क्या स्थिति है और इसका अस्पताल कबतक अपना कार्य शुरू करेगा;

(ग) क्या यह सही है कि बेगूसराय के जिला अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा नहीं है और बड़ी संख्या में मरीज लखनऊ, चंडीगढ़, दिल्ली, वेल्लोर एवं देश के अन्य राज्यों में इलाज हेतु जाने के लिए बाध्य हैं और जो नहीं जा पाते हैं वो इसका परिणाम भोगने हेतु अभिशप्त हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेडिकल

कॉलेज अस्पताल का निर्माण जब तक पूरा नहीं होता है तब तक जिला अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र का निर्माण

*7 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के बेला प्रखण्ड के रौनी पंचायत के धरमपुर गांव में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लगभग 17-18 हजार की जनसंख्या वाली ग्रामीण आबादी को लम्बी दूरी तय करके स्वास्थ्य सुविधा के लिए जाना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि इसी तरह गुरूआ प्रखण्ड के नदौरा पंचायत के पेंदापुर गांव में भी उप- स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायत के गांव में शीघ्र स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपकेन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मल्टी परपस बिल्डिंग कबतक

*8 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **अल्पसंख्यक कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि वक्फ मल्टी परपस बिल्डिंग बिहार के सभी जिलों में बनाने की सरकार की योजना है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार यह बतलाएगी कि कितने जिले में मल्टी परपस बिल्डिंग के लिए जमीन एवं बजट एलॉट कर दिया गया है एवं इसे कबतक पूरा करा दिया जाएगा?

----